कम्पनी नोटिस के समापन/परिसमापन के विज्ञापन के प्रकाशन के लिए दिशानिर्देश
निदेशक तथा परिसमापक इत्यादि की नियुक्ति

भारत के राजपत्र भाग-IV में पब्लिक नोटिस के विज्ञापन के प्रकाशन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अपेक्षित है –

1. हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों समाचार पत्रों की मूल प्रति जिसमें विषय सामग्री छापी गयी है ।
2. कम्प्यूटर से हिन्दी तथा अंग्रेजी में टाइप की गई तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा रबड़ स्टैम्प/कम्पनी सील के साथ विधिवत सत्यापित की गई मुद्रण सामग्री 2 प्रतियों में 1
3. अंग्रेजी विषयवस्तु के लिए वर्ड फारमेट (विन्डो 2007) में फोंट साईज 10 में एक सी डी तथा हिन्दी विषयवस्तु फोंटसाइज 12 में चाणक्य विवेक तथा कृति देव में होना चाहिए ।
4. पत्र शीर्ष पर एक प्रमाण पत्र जिमें यह दर्शाया गया हो कि हार्ड प्रति तथा सॉफ्ट प्रति में समाविष्ट विषय वस्तु समान है तथा इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कराया जाएं ।
5. आवेदन पत्र के साथ अपेक्षित शुल्क इस प्रकार है –

पूरा पृष्ठ (प्रत्येक भाषा)	5500/- रूपये (01-4-2016 से 31-3-2017 तक)
आधा पृष्ठ (प्रत्येक भाषा)	4000/- रूपये (01-4-2016 से 31-3-2017 तक)

6. इस विषय मे विभाग में सार्वजनिक निपटान समय प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वाहन 10:00 बजे से 1:00 बजे तथा अपराहन 2:00 बजे से 4:00 बजे तक रहेगा |
7. सभी प्रकार से ठीक भरे हुए आवेदन के प्राप्त होने के पश्चात् निवेदन को संबंधित भारत के मुद्रणालय में अधिसूचित करने के लिए भेज दिया जाएगा ।
8. संबंधित प्रेस में मुद्रण में हुए किसी भी प्रकार के विलंब के लिए यह विभाग जिम्मेवार नहीं होगा ।
9. भारत के राजपत्र के प्रकाशक होने के नाते प्रकाशन नियंत्रक के पास यह अधिकार है कि वह प्रकाशन के लिए प्राप्त किसी भी अधूरी/अस्पष्ट/गैरकानूनी/भ्रामक मुद्रण सामाग्री के अस्वीकार कर सकता है ।

प्रकाशन नियंत्रक